









जलती बस



रेस्क्यू ऑपरेशन



रेस्क्यू ऑपरेशन

## बस हादसाः घायलों से मिले मुख्यमंत्री, कलेक्टर-एसपी को हटाया, आरटीओ और सीएमओ सस्पेंड

### घायल पीड़ितों से हालचाल जानते सीएम











# 13 लोग जिंदा जले, पहचानना मुश्किल अब डीएनए से होगी मृतकों की पहचान

### डीएनए जांच से होगी मृतकों की पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले में बस-डंपर की टक्कर से बस में लगी भीषण आग में 13 लोग जिंदा जल गए हैं। दर्दनाक हादसे के बाद सरकार एक्शन में आ गई है। गुरुवार को सुबह मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जिला अस्पताल में घायलों और उनके परिजनों से मुलाकात की और हाल चाल जाना। इसके बाद कलेक्टर तरुण राठी, एसपी विजय कुमार खत्री को हटा दिया। जिला परिवहन अधिकारी रवि बरेलिया और देरी से दमकल पहुंचने पर नगर पालिका सीएमओ बीडी कतरोलिया को सस्पेंड कर दिया है।

इस हादसे से लोगों में आक्रोष था और जिला अस्पताल में मृतकों एवं लापता लोगों के परिजनों से हंगामा कर दिया। सीएम यादव ने उस पर कहा कुछ नहीं, लेकिन कुछ देर बाद ही उन्होंने कार्यवाही करके अपने इरादे साफ जाहिर कर दिए,

### सोलह घायलों का चल रहा उपचार

कि हादसे के जिम्मेदार अधिकारी और बस ऑपरेटर बस नहीं सकते। बजरंगगढ़ पुलिस ने बस ऑपरेटर भानुप्रताप सिकरवार, लापता डंपर चालक, लापता बस चालक के खिलाफ आईपीसी की धारा 304, 308, 279, मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 66, 192क, 56 और 192 के तहत एफआईआर दर्ज की गई। यह धाराएं आपराधिक मानव वध की होने के साथ ही आजीवन कारावास से दंडनीय है।

#### सेमरी घाटी पर हुआ था दर्दनाक हादसा

गुना से लगभग 20 किमी दूर गुना आरोन रोड पर सेमरी घाटी पर यह दर्दनाक हादसा हुआ था। गुना से आरोन जा रही सिकरवार बस क्रमांक एमपी 08 पी 0199 को सामने आए डंपर क्रमांक एमपी 08 एचए 0443 ने टक्कर मार दी। इसके बाद बस पलट गई और किसी विस्फोट के साथ बस में आग लग गई। कई लोग दुर्घटना से पहले ही

### लापता यात्रियों में पटवारी, शिक्षक, छात्र और जेल से छूटे कैदी भी शामिल

घायल हो चुके थे और बस के कांच लगे होने एवं आग लगने से लोग बाहर नहीं निकल पाए। इसके बाद बस में बैठे 12 लोग एवं डंपर चालक जल गया। हादसा इतना भीषण था कि बस में फंसे लोगों को बचाया नहीं जा सका।

बस में बच्चे समेत लगभग 40 से 45 सवारी होने का अनुमान है। लेकिन 16 यात्री ही सुरक्षित निकल पाए हैं।

#### भाजपा नेता के भाई के नाम है बस

बिना परमिट और फिटनेस की चल रही यह बस भारतीय जनता पार्टी के पूर्व उपाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह सिकरवार (छुन्ना) के भाई भानु प्रताप सिंह सिकरवार के नाम पर है। छुन्ना भाजपा में अच्छी पकड़ रखते हैं। सूत्र बताते हैं कि बस ऑपरेटर के साथ उनका नाम जुड़ा होने से परिवहन विभाग और यातायात पुलिस सहित कोई भी उन पर हाथ नहीं डाल पाता।

### ये 13 लोग लापता, अनहोनी की आशंका

1. सक्षम सिंह पुत्र संजीव सिंह आयु 16 वर्ष निवासी अंबिका पेट्रोल पंप आरोन
2. मुश्तकीम पुत्र अजीज खान आयु 35 वर्ष निवासी आरोन
3. गणेश पुत्र प्रकाश गिरी आयु 23 वर्ष, निवासी बरबटपुरा आरोन
4. संगीता पुत्री रामकृष्ण ओझा आयु 21 वर्ष, निवासी वकील का बाड़ा आरोन
5. अलीसा पुत्री अजीज खान आयु 09 वर्ष निवासी राघौगढ़
6. अर्जुन पुत्र प्रहलाद गिरी आयु 46 वर्ष निवासी बरबटपुरा आरोन
7. मनोहर लाल शर्मा निवासी आरोन
8. पप्पू उर्फ फूल सिंह पुत्र मानसिंह चंदेल आयु 38 वर्ष निवासी बमूरिया
9. पवन पुत्र हटे सिंह बंजारा आयु- 23 वर्ष निवासी रिजौदा आरोन
10. बलवंत सिंह पुत्र मोहन सिंह ओझा आयु 35 वर्ष निवासी बारोद
11. महेष पुत्र हुकुमचंद निवासी सिलावट
12. म्हेंद्र उर्फ पप्पू पुत्र जमुनालाल यादव आयु 40 वर्ष निवासी बारोद
13. वीरेंद्र सिंह यादव पुत्र सीताराम यादव निवासी कोल्हूपुरा रोड सिसोदिया कालोनी गुना

### कलेक्टर और एसपी का तबादला, आरटीओ और सीएमओ का निलंबन









### कई धाराओं में केस दर्ज

एसआई आकाश आर्य ने एफआईआर में लिखा कि सेमरी मंदिर कटी घाटी के पास एक यात्री बस व डंफर का एक्सीडेंट हो गया है जिससे बस में आग लगी हुई है घटनास्थल पर एक यात्री बस एवं डंफर आपस में एक्सीडेंट होकर क्षतिग्रस्त थे , बस में भीषण गति से आग लगी हुई थी कुछ लोग मौके पर घायल अवस्था में बाहर खडे एवं बैठे हुये थे जिन्हे उपस्थित एंबुलेंस के माध्यम से तत्काल उपचार हेतु जिला चिकित्सालय गुना रवाना किया गया एवं फायर ब्रिगेडों की मदद से बस में लगी हुई भीषण आग को काफी मशक्कत से बुझाया गया , डंफर से एक शव एवं यात्री बस में जले हुये 12 शवों को एसडीआरएफ एवं उपस्थित बल की मदद सें बाहर निकलवाकर शव वाहन के जरिये जिला चिकित्सालय गुना भेजे गये, बाद रवाना होकर थाना कोतवाली गुना आया, जहां पर मर्ग क्र. 0/2023 धारा 174 मर्ग क़ायम कर घायल (1) रितु भील पत्नी विजय भील उम्र 19 साल नि. सतनपुर (2) निशा औझा पत्नी अजय उम्र 21 साल नि. गुना (3) अंकित कुशवाह पुत्र उमराव उम्र 24 साल नि. बरखेडा हाट (4) सविता औझा पत्नी सीताराम उम्र 40 साल नि. गुना (5) सोनू अहिरवार पुत्र मांगीलाल उम्र 27 साल नि. बरखेडा हाट (6) कांता जाटव पत्नी कालूराम उम्र 29 साल (7) दीपक पुत्र ओमप्रकाश उम्र 20 साल नि. आरोन (8) चंद्रपाल यादव पुत्र हरनाम सिंह उम्र 24 साल नि. छीपोन (9) विनीता औझा पत्नी शिवचरण उम्र 40 साल (10) मोहन सिंह पुत्र भीकम उम्र 35 साल नि. आरोन (11) करन सिंह पुत्र रामसिंह उम्र 55 साल नि. बजरंगगढ (12) श्रीराम औझा पुत्र मदनलाल उम्र 35 साल (13) सुनील सहरिया पुत्र राधेश्याम उम्र 23 साल नि. भोपाल (14) गोराबाई पत्नी रामकिशन अहिरवार उम्र 40 साल (15) हीरालाल पुत्र मोती बंजारा उम्र 40 साल (16) सोनाली पुत्री सोनू अहिरवार उम्र 6 साल नि. बरखेडा से पूछताछ कर हालात का जायजा लिया एवं घायल सोनू पुत्र मांगीलाल अहिरवार उम्र 27 नि. बरखेडाहाट, अंकित कुशवाह पुत्र उमराव कुशवाह उम्र 24 वर्ष नि. बरखेडाहाट थाना आरोन के पूछताछ कर कथन लेख किये गये, जिन्होने अपने अपने कथनो में डंफर क्र.MP08 HA 0443 एवं सिकरवार बस क्र. MP08 P 0199 के चालकों द्वारा तेजी सें वाहनों को चलाना बताया, बाद अज्ञात 13 शवों को पीएम रूम में सुरक्षित रखवाया।

## मुनाफे की भूख में भस्म हो गए दर्जन भर लोगः एसयूसीआई

इस भयानक दर्दनाक घटना पर एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) ने स्थानीय जयस्तम्भ चौराह पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस सभा के दौरान स्थानीय यातायात व्यवस्था व स्थानीय प्रशासन के खिलाफ रोष व्यक्त किया गया। जिला सचिव मनीष श्रीवास्तव ने मृतकों के प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुये कहा कि कल जो बस हादसा हुआ है वो बहुत ही पीड़ादायक है। हम मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं उनके परिजनों के संग गहरी सहानुभूति व्यक्त करते हैं। ये हादसा प्रशासन की घोर लापरवाही और सार्वजनिक परिवहन के निजीकरण का नतीजा है। गुना आरोन ही नही बल्कि आसपास के गांव रुट्स की बसों की हालत जर्जर है जो कि पूरी तरह से अनफिट हैं। इन बसों में सवारियां भी बेतरतीब ढंग से भरी जाती हैं। ज्यादा मुनाफा कमाने के चक्कर में बस मालिकों द्वारा बस परमिट तो लिये जाते हैं पर उतनी बसें नही चलाई जातीं। प्रतिस्पर्धा के चलते और अपना नम्बर बचाने के कारण अनियंत्रित होकर बसें चलाई जाती हैं वहीं यही मामला सड़कों पर दौड़ते डम्परों का है, वे भी ज्यादा चक्कर लगाने के कारण अनियंत्रित होकर सड़कों पर दौड़ते हैं। मध्यप्रदेश सरकार को इन बिंदुओं पर सख्ती से कार्यवाही करना चाहिए। साथ ही हम प्रशासन से मांग करते हैं कि मृतकों के परिजनों को 20-20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जानी चाहिए। श्रद्धांजलि सभा को पार्टी के वरिष्ठ सदस्य लोकेश शर्मा ट्रेड यूनियन लीडर नरेंद्र भदौरिया सीमा राय, सुरेंद्र कुमार, संजीव जाटव आदि उपस्थित रहे।इसके बाद जिलाधीश को एक ज्ञापन सौंपा गया।

- बिना परमिट, फिटनेस की मौत बन दौड़ रही थी बस
- बस ऑपरेटर पर आईपीसी की धारा 304 सहित कई धाराओं में एफआईआर

#### रेग्युलर गुना पढ़ने जाता था सक्षम

आरोन के प्रतिष्ठित राजावत परिवार का पुत्र सक्षम 11वीं में अध्ययनरत था। वह गुना हर दिन पढ़ने जाता था और शाम को आरोन लौटता था। वे दो भाई बहन हैं। बड़ी मन्नत के बाद संजीव राजावत को पुत्र उत्पन्न हुआ था। इस बस हादसे के बाद से उनका पुत्र सक्षम लापता है। इस हादसे से अनहोनी की आषंका है।

#### मुस्तकीम घर में एक मात्र कमाने वाला



मुस्तकीम खान राइन आरोन का होनहार युवा है। वर्ष 2018 के एग्जाम में वह पटवारी बना था। उसके परिवार में केवल उसकी ही सरकारी नौकरी है। उसकी नौकरी से परिवार पटरी पर आ रहा था। लेकिन इस हादसे में वह भी गायब है। उसका फोन भी नहीं लग रहा है। घर पर उसकी पत्नी और छोटा बच्चा उसका इंतजार कर रहे थे।

#### मनोहर शर्मा सामाजिक समरसता के लिए कर रहे थे काम



आरोन निवासी शासकीय शिक्षक मनोहर शर्मा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पदाधिकारी थे और वे सामाजिक समरसता के लिए काम रहे थे। लेकिन इस हादसे में वे भी गायब हैं। आरोन में मिलनसार छवि के व्यक्ति और सामाजिक कार्यों में आगे रहने वाले मनोहर शर्मा को उनके परिवार के साथ उनसे जुड़े लोग उनको दिनभर तलाशते रहे।

#### पांच महिलाएं जेल से छूटकर आ रहे थीं आरोन, एक गायब

आरोन में एक मामूली विवाद में पूरे परिवार के साथ जेल में बंद पांच महिलाओं की एडवोकेट संदीप साहू ने जमानत कराई थी। वे इसी बस से आरोन जा रहे थी। इनमें से एक हल्की बाई गायब है। जबकि गौरा बाई गंभीर रूप से घायल है, जिसे भोपाल रैफर किया है। जबकि तीन महिलाओं का इलाज अस्पताल में चल रहा है। परिवार के 6 पुरुषों की जमानत गुरुवार को हुई है।

#### चार सदस्सीय जांच टीम गठित

इस घटना की जांच के लिए कलेक्टर तरुण राठी ने सुबह ही चार सदस्यीय टीम गठित कर दी थी। इसमें एडीएम मुकेश शर्मा, एसडीएम दिनेश सांवले, परिवहन विभाग के अधिकारी और एक सहायक यंत्री को शामिल किया था।

#### 15 साल पुरानी बस, रजिस्ट्रेशन तक नहीं

जिस बस से हादसा हुआ है, वह 15 साल पुरानी है। उसका रजिस्ट्रेशन तक नहीं है। फिटनेस और बीमा भी नहीं है। बस इतनी खटारा था कि उसमें सुरक्षा उपाय भी गायब थे। इस तरह की बसें ग्रामीण रूट पर दौड़ रही हैं। इन पर कोई कार्यवाही नहीं होती। नेताओं की रैलियों में ये बसें नजर आती हैं। कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ति की जाती हैं। ट्रैफिक पुलिस गरीबों को परेशान करती है, लेकिन इन प्रभावी बस ऑपरेटरों पर कोई कार्यवाही होती। गुना से जिले के अलावा अशोकनगर जिले में भी बसों का संचालन होता है।

## भगवान शांतिनाथ के चरणों में होगी वर्ष 2023 की विदाई और 2024 की अगवानी

# बजरंगगढ़ में दो दिवसीय धर्म प्रभावना पदयात्रा

### महामस्तकाभिषेक और वार्षिक रथोत्सव 31 दिसंबर और 1 जनवरी को

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

वर्ष 2023 की विदाई एवं नूतन वर्ष 2024 की अगवानी के लिए जैन समाज द्वारा दो दिवसीय धर्म प्रभावना पदयात्रा एवं महामस्तकाभिषेक, वार्षिक जिनेन्द्र रथोत्सव का आयोजन 31 दिसंबर एवं 1 जनवरी को बजरंगगढ़ में किया जाएगा।

श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन पुण्योदय अतिशय तीर्थक्षेत्र कमेटी बजरंगगढ़ के अध्यक्ष इंजी. एसके जैन एवं महामंत्री प्रदीप जैन ने बताया कि निर्यापक मुनि पुंगव सुधा सागरजी महाराज की प्रेरणा से विदा लेते वर्ष 2023 की विदाई एवं नवीन वर्ष 2024 का स्वागत बजरंगगढ़ स्थित चमत्कारी भगवान शांतिनाथ प्रभु के चरणों में जाकर किया जाएगा। इस अवसर पर 31 दिसंबर को दोपहर 1 बजे से धर्म प्रभावना पदयात्रा स्थानीय चौधरी मोहल्ला स्थित पाश्र्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर से आरंभ होगी।



यह पदयात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए शाम 4 बजे बजरंगगढ़ पहुंचेगी। यहां पदयात्रियों का वात्सल्य भोज होगा। वहीं शाम 7:45 से भजन सम्राट बह्मचारी विनोद भैयाजी की भजन संध्या होगी। रात्रि 12 बजे ही नूतन वर्षाभिनंदन श्री भक्तामर जी के 48 दीपक द्वारा श्रीजी की महाआरती से होगा।

अगले दिन 1 जनवरी को नववर्ष की नूतन प्रातः कालीन बेला में 1008 कलशों से श्रीजी का महामस्तकाभिषेक होगा। वहीं दोपहर 11:30 बजे से वार्षिक जिनेन्द्र रथोत्सव निकाला जाएगा। शाम को वात्साल्य भोजन आयोजन होगा। शाम 7 बजे से नव वर्षाभिनंदन महाआरती होगी। इस मौके पर दो दिवसीय कार्यक्रम के शुभ अवसर पर मुनिश्री आगम सागरजी एवं पुनीत सागरजी महाराज की प्रेरणा से ग्रामवासियों को मिष्ठान वितरण का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा निःशुल्क स्वास्थ्य एवं दवा वितरण शिविर भी लगेगा। जिसमें डॉ. हर्षवर्धन जैन, डॉ. व्हीके जैन, डॉ. राजेन्द्र जैन, डॉ. एमके जैन, डॉ. प्रमोद जैन एवं डॉ. नीरज जैन अपनी सेवाएं देंगे। कमेटी के अनुसार दो दिवसीय कार्यक्रम के लिए गुना से बजरंगगढ़ के लिए निःशुल्क बस सुविधा पवनश्री मांगलिक भवन से रहेगी।

## समाचार संक्षेप

### सामाजिक उत्थान मंच ने किया महाराजा खेतसिंह जयंती चलसमारोह का स्वागत



**गुना।** महाराजा खेत सिंह जी की जयंती के उपलक्ष में क्षत्रिय खंगार समाज द्वारा शहर के मुख्य मार्गो से चल समारोह निकाला गया । जिसका स्वागत सामाजिक उत्थान मंच ने बड़े हर्षोल्लास के साथ संस्था के शहरी गतिविधि प्रभारी राजू कोरी ओर शिवकुमार परिहार की विशेष तैयारी में किया। सामाजिक उत्थान मंच टीम द्वारा चल समारोह में आए हुए अतिथियों का स्वागत पुष्प वर्षा कर एवं पेयजल सामग्री वितरित कर किया । सामाजिक उत्थान मंच के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा महाराजा खेत सिंह जी की स्मृति चित्रण पर माल्यार्पण कर नमन किया।मंच के अध्यक्ष मोनू सिंह परिहार ने सभी धन्यवाद ज्ञापित किया जिसमें मंच के समस्त पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित बसंत शर्मा , प्रमोद मेहरा , जितेंद्र वर्मा परमार चौहान, लक्ष्मी नारायण सोनी ,दीपक बौद्ध,अजय नरवारिया, राजेश चन्देल, गोलू प्रजापति, लक्ष्मी नारायण परिहार, राजू बुनकर शहरी गतिविधि प्रभारी, प्रीतम परिहार, मलखान परिहार, जितेंद्र जाटव, शिवकुमार परिहार,इलो चन्देल जी, डाक्टर सितेश कुशवाहा,चन्द्रभान मोरिया, उमेश भार्गव,लवकुश परिहार, धर्मवीर धूरिया,चन्देश जाटव, सौरभ परिहार, शंकर नरवारिया,बन्टी कुशवाहा,रवि शर्मा,मुरारी चन्देल, सोनू परिहार, विजय परिहार,अजय पंथ, यशकुमार परिहार,विकाश,करण परिहार, अंकुल परिहार,कपिल कोरी, एवं अन्य सदस्य भी थे जिनके नाम याद नहीं रहे उनका भी बहुत बहुत धन्यवाद उपस्थित रहे।

### रजिस्ट्री व स्टांप जैसी सुविधाओं को और अधिक आसान बनाने के लिए संपदा 2.0 नाम से नया पोर्टल तैयार

**गुना।** एमपीएसडीसी भोपाल द्वारा पंजीयन विभाग के लिए रजिस्ट्री एवं स्टांप जैसी सुविधाओं को और अधिक आसान बनाने के लिए संपदा 2.0 नाम से नया पोर्टल तैयार किया गया है जिसका प्रशिक्षण पंजीयन विभाग के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों एवं संपूर्ण गुना जिले के सर्विस प्रोवाइडरों को गुना जिले में स्थित ई दक्ष केंद्र में वरिष्ठ प्रशिक्षक सोनेन्द्र सिंह तोमर द्वारा प्रदान किया जा रहा है ज्ञातव्य है कि वर्ष 2014-15 से ऑफलाइन रजिस्ट्री को बंद किया जाकर समस्त रजिस्ट्री ऑनलाइन माध्यम से की जा रही है एवं 1 जनवरी 2024 से संपदा 2.0 मध्य प्रदेश शासन द्वारा लागू किया जा रहा है जिसमें समस्त प्रक्रिया ऑनलाइन ही रहेगी एवं रजिस्ट्री का प्रिंट निकालकर ले जाने की आवश्यकता नहीं होगी आईजीआरएस विभाग का आधार, पैन एवं अन्य कस्टोडियन विभागों से इंटीग्रेशन किया गया है जिसमें समस्त डाटा को सिंगल क्लिक पर कस्टोडियन विभागों से प्राप्त किया जाकर रजिस्ट्री की प्रक्रिया को पूर्ण किया जा सकेगा सभी उपयोगकर्ताओं को संपदा पोर्टल को उपयोग किए जाने के लिए इसमें रजिस्टर्ड होना आवश्यक होगा जिसे आधार ई केवाईसी एवं डिजिटल सिग्नेचर के माध्यम से पूर्ण किया जा सकेगा रजिस्ट्री की संपूर्ण प्रक्रिया को डिजिटल किया गया है जिससे रजिस्ट्री के गुम हो जाने जैसी समस्याओं का निराकरण भी हो सकेगा आवश्यकता होने पर कोई भी व्यक्ति संपदा 2.0 पोर्टल के माध्यम से रजिस्टर्ड डॉक्यूमेंट की सर्टिफाइड कॉपी भी 300 प्रति कॉपी का शुल्क चुका कर प्राप्त कर सकेंगे । संपूर्ण भारतवर्ष में मध्य प्रदेश पहला राज्य होगा जिसमें रजिस्ट्री की प्रक्रिया एवं स्टांप जनरेशन की प्रक्रिया पूर्णतः डिजिटल हो जाएगी मास्टर ट्रेनर सोनेन्द्र सिंह तोमर एवं दीपक पलाश द्वारा गुना जिले के समस्त सर्विस प्रोवाइडरों एवं पंजीयन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को संपदा 2.0 की बारीकियों से अवगत कराया जा रहा है।

## गुना में घटी वीभत्स घटना के कारण दिव्यांगों ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर दो मिनिट का रखा मौन

### गुरुवार को होना था दिव्यांग हितार्थ राष्ट्रीय संस्था सक्षम कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुरुवार को जिला पंचायत गुना में दिवयांग सशक्तिकरण दिवस मनाने जिले के दिव्यांगजन एकत्रित हुए लेकिन गुना में घटी वीभत्स घटना के कारण दिव्यांगों ने एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर दो मिनिट का मौन धारण किया एवं अपना कार्यक्रम स्थगित किया।

इस कार्यक्रम में दिव्यांग हितार्थ राष्ट्रीय संस्था *सक्षम* ने सांसद केपी यादव, विधायक पन्नालाल शाक्य , नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता गुप्ता उपाध्यक्ष धरम सोनी,उपसंचालक सामाजिक न्याय विभाग गुना, पुलिस अधीक्षक गुना, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गुना, डिप्टी कलेक्टर गुना, रोजगार अधिकारी जिला गुना, परिवहन अधिकारी जिला गुना, जिला शिक्षा अधिकारी गुना सहित दिव्यांगों से संबंधित सभी विभाग के




अधिकारियों को आमंत्रित किया था जिससे दिव्यांगों की सभी समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया जा सके।

इस मौके पर अशोक अग्रवाल क्षेत्रीय कार्यवाह मध्य क्षेत्र, सक्षम संस्था के समन्वयक दिलीप सक्सेना, सचिव प्रो. देवेन्द्र सिंह धाकड़, जिला उपाध्यक्ष दीपक शर्मा, महिला अध्यक्ष अनुसुइया रघुवंशी, विजय मीणा, देशराज राजपूत, शाहिद खान, मुरारी भार्गव सहित सक्षम की पूरी टीम एवं जिले के दिव्यांगजन उपस्थित हुए। बाहर से आए सभी दिव्यांगों को चाय,नास्ता एवं भोजन की पैकेट बांटकर सभी को अपने घर वापस भेजा तथा अगले कार्यक्रम की घोषणा सक्षम के सभी अधिकारियों की सर्व सम्मति से निर्धारित कर सूचित किया जाएगा।

## 50 महिलाओं ने ली राष्ट्रीय सफाई मजदूर संघ की शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

नगर के पालिका बाजार में राष्ट्रीय सफाई मजदूर संघ की बैठक की गई । बैठक के दौरान महिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया । इस दौरान राष्ट्रीय सफाई मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र बीलरवान द्वारा 50 महिलाओं को नियुक्ति पत्र देकर समाज हित करने की शपथ दिलाई गई । महिला कार्यकारिणी मे तहसील अध्यक्ष पद पर ममता धौलपुरिया पति रंगलाल धौलपुरिया एवं 50 महिलाओं ने संगठन के विभिन्न पदों पर शपथ ली । इस दौरान जिले भर के पदाधिकारी उपस्तिथ रहे । सभी महिलाओं ने संगठन का आभार माना। इस दौरान रंजीत धौलपुरिया, जगदीश बीलरवान, अशोक लोहट, अभिषेक घेंचड़ सहित समाजजन उपस्थित रहे ।

## खबर संक्षेप

### चार पहिया वाहन ने कई दो पहिया वाहनों को टक्कर मारी

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली के अंतर्गत स्थानीय फुट ओवर ब्रिज पर रात 10:30 से 11 बजे के बीच एक चार पहिया वाहन ने कई वाहनो मे टक्कर मारी जिनमे तीन घायलो को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जिनमे आदित्य पुत्र दिलीप नायक उम्र 26 वर्ष निवासी वार्ड 05 पछाडीखेडा रोड ,संजय पुत्र राजेन्द्र सिह रघुवंषी उम्र 27 वर्ष निवासी तुलसी सरोवर कालोनी, सुदर पुत्र लखन सिंह नायक उम्र 24 वर्ष निवासी तुलसी सरोवर कालोनी । घायलो ने बताया कि वह वाहन से अपने घर की ओर लौट रहे थे। तभी एक तेज रफतार चार पहिया वाहन उनके वाहनो मे टक्कर मार कर चला गया। जिससे उन्हे चोटे आई है। उन्होने बताया कि इस वाहन को अभिषेक बुधौलिया चला रहा था। कितने वाहनो को टक्कर मारी है यह पता नही है।

### महिला की अज्ञात कारणों से मौत

**अशोकनगर।** जिले के राजपुर कस्बा निवासी मछला बाई पत्नि इद्रभान सिह यादव की अज्ञात कारणो से मौत हो गई । पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अशोकनगर जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओ के कई मामले दर्ज किये गए है। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम टकनेरी निवासी रामकली आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी संजू आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कालीटोर निवासी रंजीत गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी रणवीर ,रामवीर ,नत्थू गुर्जर ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## 'मनुष्य जीवन में अच्छे कर्मों से खुश रहता है'

हरिभूमि न्यूज ⏭ईसागढ

एन एस एस के माध्यम से शासकीय महाविद्यालय ईसागढ़ में राज्य आनंद संस्थान की तरफ से अल्पविराम कार्यक्रम एकदिवसीय रखा गया इसकी शुरुआत सरस्वती पूजन से हुई।


इसके बाद एक दूसरे व्यक्ति के परिचय से शुरूआत की गई। जो अनोखी पहल है मेरा आनंद कब बड़ा बढ़ जाता है,मेरा आनंद कब कम क्यों हो जाता है। बचपन से लेकर आजतक निस्वार्थ भाव से आजतक मेरी किस किस ने मदद कि है तक मैंने किस-किस व्यक्तियों की निस्वार्थ भाव से मदद की है, बचपन से लेकर अब तक मैंने किस-किस को दुख पहुंचा है। बचपन से लेकर अभी तक मुझे किस-किस व्यक्ति दुख पहुंचा है । इन सभी के प्रश्न अपने आप से पूंछना, राज्य आनंद संस्थान का मध्य प्रदेश मे एक विभाग भी है संस्था के माध्यम से सरकारी गैर सरकारी लोगों के जीवन में खुशियां लाएं जिससे उनका जीवन अच्छा शांतमय सुखमय कैसे बने कार्यक्रम में



अशोक नगर से आये आंनद सस्थान के मुख्य प्रशिक्षक ने कहा कि जीवन मे कनेक्शन, करक्शन और डायरेक्शन कैसे अपनाये आये. प्रशिक्षक सतीश दुबे ने कहा की जीवन मे ख़ुश कैसे रहे। प्रशिक्षक आनंद रघुवंशी ने कहा की अपने जीवन को अच्छा कैसे बनये और महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आंसू रानी मैडम ने आभार व्यक्त किया , डॉ दीपा वर्मा, जयदीप कुमार रैकवार, डॉ विवेक कुमार,एन एस एस कर्यक्रम अधिकारी डॉ जवाहर टैगोर, ने कहा कि अपने जीवन से आलस्य, क्रोध दुख, कपट कैसे दुर करें और कार्यक्रम मे देवाशीष गोस्वामी,रवि केवट,राजकुमार, निखिल रचना आदि समस्त स्टॉफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## कन्या हायर सेकंडरी स्कूल की छात्राओं को व्यवसायिक शिक्षा की दी गई जानकारी

**अशोकनगर।** गुरुवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कक्षा 11 एवं 12 की व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत संचालित पाठ्यक्रम हेल्थ केयर एवं ब्यूटी एंड वैलनेस की छात्राएं प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में अनंत ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट रातीखेड़ा में औद्योगिक भ्रमण किया। जहां विपिन सेन एवं ए के बजाज ने उन्हें विस्तार से हेल्थ केयर एवं कम्यूनिकेशन स्किल के बारे में विस्तार से समझाया। हेल्थ केयर अंतर्गत आईसीयू हॉस्पिटल मैनेजमेंट डेंगू मलेरिया फंडामेंटल से संबंधित जानकारियां प्राप्त की व्यावसायिक शिक्षा प्रभारी सीमा रघुवंशी मेम हेल्थ केयर शिक्षक नीरज साहू ब्यूटी एंड वैलनेस शिक्षिका नेहा जोशी एवं आईसीटी प्रभारी नंदिनी शर्मा मौजूद रही विद्यालय परिवार छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करता है।





## अंडर ब्रिज निर्माण का सांसद ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

अंडर ब्रिज निर्माण को लेकर जल्द से जल्द काम शुरू करने और चल रहे कार्य को देखने और जानने के लिए सांसद डॉक्टर के पी यादव अंडर ब्रिज स्थल पर पहुंचे। उन्होंने यहां चल रही निर्माण की प्रक्रिया को देखा इस दौरान रेलवे उपयत्री चेतन जैन भी मौजूद थे। इस दौरान उन्हें बताया कि अडरब्रिज निर्माण पूर्ण करने की प्रक्रिया लगातार जारी है। और एप्रोच रोड से जोड़ा जा रहा है। अस्पताल चैराहे के पास जो डिजाइनिंग में अंडर ब्रिज के नीचे का जीना हटाए जाने का मामला है और बिजली का ट्रांसफार्मर हटाया जाना है उसको लेकर अभी राशि नहीं आई है। इसलिए वर्तमान में जो हिस्सा बन चुका है उसे तात्कालिक रूप से रोड से जोड़ा जा रहा है। तथा मिलन तिराहा पर कोई इशू नहीं है। वहां पर अडर ब्रिज निर्माण स्थल को मुख्य एप्रोच रोड जोड़ने की प्रक्रिया जारी है। इस अंडर ब्रिज निर्माण को समय से पूरा कर लिया जाएगा। हमारी कोशिश होगी लोगों को अडर ब्रिज निर्माण का लाभ मिले। इस दौरान सांसद ने कहा कि अंडर ब्रिज निर्माण की वर्तमान स्थिति मे लोग आ जा सकते हैं जो इशू आ रहे हैं उन्हें अलग से दूर कर लिया जाएगा। तब तक के लिए इसे आम नागरिकों के लिए खोला जाए ताकि लोगों को इसकी सुविधा का लाभ मिल सके।

## पुलिस अधीक्षक ने जिले के थानों का किया औचक निरीक्षण

**अशोकनगर।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोकनगर द्वारा जिले के 02 पुलिस थाना शाढोरा एवं नईसरांय का बुधवार की दरम्यानी रात्रि में भ्रमण कर औचक निरीक्षण किया गया। थानों के भ्रमण के दौरान अति पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर द्वारा थाना प्रभारियों से थानों के गंभीर अपराधो के आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने, अपराध निकाल करने के निर्देश दिये साथ ही थानों की व्यवस्थाओं को देखा। हवालात को चैक किया थानों के कैमरे चैक किये गये। थानों पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को थाना क्षेत्र में घटित होने वाली आकस्मिक घटनाओं के घटना स्थल पर त्वरित कार्यवाही कर पालन करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना क्षेत्रों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग नही करने के निर्देश दिए गए।



### शहर से गायब हुई दो बहनों को कोतवाली पुलिस ने किया 24 घंटे के अंदर दस्तयाब किया

**अशोकनगर।** अशोकनगर निवासी एक व्यक्ति ने थाना कोतवाली पर अपनी और अपने छोटे भाई की दो लड़कियों एक 18 साल की और दूसरी 13 साल के अपहरण की रिपोर्ट थाना कोतवाली पुलिस को लिखवाई थी प्रकरण की गंभीरता देखते के लिए तुरंत कार्रवाई करते हुये थाना प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र सिंह त्रिपाठी द्वारा मुकदमा दर्ज किया गया था। टी आई ने थाना कोतवाली की टीम गठित की, पुलिस द्वारा तकनीकी साधनों एवं अन्य संसाधनों का उपयोग करते हुये सायबर सेल एवं शहर में लगे सीसीटीवी कैमरो की मदद से दोनो बालिकाओं की तलाश में तत्परता से पुलिस जुटी हुई थी जिसमें पुलिस को सफता हाथ लगी और थाना कोतवाली पुलिस टीम ने 24 घंटे के अंदर प्रकरण की अपहृत दोनो बालिकाओं को चांचैड़ा रेलवे स्टेशन से दस्तयाब किया गया। जिनकी सभी आवश्यक कार्रवाई की अपहृता को परिजनों के सुपुर्द किया गया। अहम भूमिका में उक्त प्रकरण में तत्परता पूर्ण कार्रवाई करते हुये थाना कोतवाली में पदस्थ उप निरीक्षक मंजू मखेनिया, सउनि संजय गुप्ता सायबर सेल प्रभारी, प्र. आर शैलेन्द्र रघुवंशी. प्र.आर. अरूण पाल और आरक्षक योगेन्द्र सिंह की प्रशंसनीय कार्यवाही देखते हुये पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

## कांग्रेस ने 139वां स्थापना दिवस मनाया, 'पार्टी मिलकर करेगी काम'

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

कांग्रेस ने 139वां स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी का ध्वज फहराया और कांग्रेस की 138 वर्षों की यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष कृष्ण पाल सिंह यादव ने कहा कि हम सब मिलकर कांग्रेस की रीती नीतियों को लेकर आमजनों को बताएगें। इस पार्टी ने देश को अंग्रेजी हुकूमत से मुक्त कराया और आने वाले समय में हम लोकसभा चुनाव को लेकर मिलकर काम करेंगे।

### सभी वर्गों का रखा ध्यान

उन्होंने इंदिरा गांधी सहित पार्टी के सभी नेताओं को याद किया। विधायक हरीबाबू राय ने कहा कि 1885 मे कांग्रेस की स्थापना हुई थी। तब से आज तक लगातार कांग्रेस आम जनों के हितों के लिए काम कर रही है। इस पार्टी ने सभी वर्गों का ध्यान रखा है और आज भी सभी वर्गों को साथ लेकर चलती है। इसी मौके पर कांग्रेस की महिला अध्यक्ष सीमा सुराणा ने कहा कि हम कांग्रेस की स्थापना दिवस मना रहे हैं। कांग्रेस ने जो मूल्य स्थापित किए है। उन मूल्यों को लेकर न कांग्रेस कभी पीछे हटी है न कभी पीछे हटेगी। आज के दिन हम गरीबों को कंबल वितरित करेंगे और युवा पीढ़ी के बीच भी जाएंगे। इस मौके पर शहर कांग्रेस के अध्यक्ष राजेंद्र कुशवाहा ने कहा कि हमें प्रदेश कांग्रेस से निर्देश मिले है हम निर्देशों का पालन कर रहे हैं। हमने आज सबसे पहले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का स्मरण किया है उसके बाद हम गरीब तबके के बीच जाएंगे और फल वितरित करेंगे। इस मौके पर अनेक लोग जो पार्टी से जुड़े हैं। उन्हें भी कांग्रेस के गौरवशाली इतिहास से अवगत करा रहे हैं। कांग्रेस ने इस देश को खड़ा करने में बड़ा योगदान दिया है आज जो हमारा देश है वह कांग्रेस की उपलब्धियां का देश है इस देश की जनता कभी नहीं भूल पाएगी।

## आशोकनगर में भी कई वाहन चल रहे हैं नियम विरुद्ध, आखिर कब जागेंगे जिम्मेदार?

# गुना जैसी घटना जिले में भी हो चुकी है, उसके बाद भी विभाग में नहीं हैं कोई अधिकारी!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पड़ोसी जिला गुना में जो आग लगने की घटना में 16 लोगों को अपनी जान गवाना पड़ी है। वैसी ही घटना अशोकनगर में भी 23 दिसबर 2008 को हो चुकी है। वह बस भी आरोन जा रही थी। गुना में जो घटना हुई है। वह भी आरोन जा रही थी। दोनो घटनाएं दिसबर के महीने में हुई है। लेकिन यह घटनाएं अपने पीछे कई सवाल छोड गई है।

अशोकनगर जिले में 2008 मे जो घटना हुई थी। उसमे 11 लोग जिंदा जलकर मर गए थे। इस घटना से कोई सबक नहीं लिया गया था। उसके बाद गुना मे हुई घटना को लेकर भी कई अनियमितताएं सामने आई है। ऐसी अनियमितताए अशोकनगर मे हुई घटना मे देखने को मिली थीं। पूरा घटनाक्रम 2008 का इस तरह था। अशोकनगर से दुर्गा बस सर्विस की एक बस आरोन जा रही थी। तभी खेजरा कला गांव के पास बस में करंट फैलने से आग लग गई थी। इस बस में 11 लोग जिंदा जलकर मर गए थे। उस समय घटना में यह हुआ था कि अशोकनगर से आरोन बस जाते समय एक बिजली के तार से टकरा गई थी। दरअसल बस के ऊपर एक साइकिल रखी हुई थी जिसका हैंडल बिजली के झूलते तार से टकरा गया था जिसके कारण बस में करंट फैल गया था और 11 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। यह घटना 23 दिसंबर 2008 को हुई थी और उसके बाद इसी तरह की घटना गुना में देखने में मिली है।

गुना की इस घटना ने अशोक नगर की इस घटना को ताजा कर दिया है। अशोकनगर जिले में बसो के संचालन मे कितनी खामियां हैं यह किसी से छिपी नहीं है। दरअसल अशोकनगर जिले की हालत यह है कि यहां परिवहन विभाग में अधिकारी का पद जून 2022 से खाली पड़ा है। तत्कालीन आरटीओ हीरालाल सिमरिया की सेवा निवृति के बाद से कोई नहीx आया है। तब से आज तक यह पद रिक्त पडा है। वर्तमान में अशोकनगर आरटीओ का प्रभार गुना के आरटीओ रवि बरेलिया के पास रहा है। वह अशोकनगर आते-जाते ही नहीं है जब भी आते हैं तब कलेक्टर कार्यालय से जुड़ा कोई बैठक या कोई कार्यक्रम होता है तभी आते हैं। बाकी अशोकनगर जिले का सारा कार्य गुना से ही करते रहे है। अब वह गुना की घटना को लेकर निलंबित हो चुके है। उसके बाद अषोकनगर जिले के आरटीओ का प्रभार अब किसके पास होगा यह पता नहीं है। अशोकनगर मे आरटीओ कार्यालय 2010 मे खुला था और पहली आरटीओ अधिकारी रंजना भदौरिया यहॉ आई थी। वर्तमान मे वह षिवपुरी की आरटीओ अधिकारी है।

शासन ने विधानसभा चुनाव के पहले यहां आरटीओ अर्थात परिवहन अधिकारी की नियुक्ति कर दी थी लेकिन नियुक्ति के बाद से वह यहॉ पदस्थ होने ही नही आए। जिसके बाद शासन ने चुनाव के समय भी पद पर नही पहुचने पर उन्हे निलंबित कर दिया था। तब से यह पद अभी भी रिक्त पडा है। तब से आज तक यहां आरटीओ का कार्यालय बिना अधिकारी के चल रहा है। अधिकारी के न होने का फायदा विभाग के बाबु और कर्मचारी उठा रहे हैं वह अपने ढंग से विभाग चला रहे हैं जिसका काम करना होता है उसका करते है। जिसका नहीं करना होता उसका नहीं करते विभाग बाबू की मर्जी पर चल रहा है।

बिना अधिकारी के अशोकनगर जिले से होने वाली बसों का संचालन कैसे होता होगा इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है। यहां से चलने वाली अधिकांश बसें जिले के ग्रामीण अंचलों में भी जाती है। कोई नहीं जानता क्या इन बसों के पास परमिट है, क्या फिटनेस है, क्या उनके द्वारा टैक्स जमा किया जा रहा है, इसकी कोई जानकारी नहीं ली जाती है। ठंड हो या वर्षा कल लोग मजबूरी में बसों से यात्रा करते हैं। जिसके कारण यात्रियों को जान जोखिम में डालकर बसों से यात्रा करना पड़ता है जिस वजह से बसें अपनी मर्जी से चलती हैं अगर बसों की जांच पड़ताल की जाए तो बड़ी खामियां मिल सकती हैं। परिवहन विभाग ने कभी बसों की जांच पड़ताल को लेकर कोई अभियान तक नहीं चलाया। अधिकारी ही नहीं हैं तो अभियान कैसे चलेगा।

परिवहन विभाग के बाबू अरविंद कुमार यादव से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि अशोकनगर में जून 2022 से कोई अधिकारी नहीं हैं। अशोकनगर का प्रभार गुना के अधिकारी के पास है वह जब कभी आते हैं यहां शासन ने जो नियुक्ति विधानसभा चुनाव के पहले की थी उन्होंने यहां का कार्यभार ग्रहण नहीं किया। जिसके कारण उन्हें शासन निलंबित भी कर चुका है। उसके बाद भी शासन ने नए अधिकारी की नियुक्ति इस आरटीओ अधिकारी के पद पर नहीं की। जिससे विभाग खाली पड़ा है। देखना है कि इस घटना से विभाग क्या सबक लेता है क्या इस तरह की घटनाएं रोकी जा सकेंगी, क्या बेसन की जांच पड़ताल होगी, क्या आम जनता की सुरक्षा की जिम्मेदारी जिनके कंधों पर है, क्या वह व्यक्ति जिम्मेदारी ठीक से निभा सकेंगे यह सवाल हाल में हुई इस घटना को लेकर आम जनों के बीच बने हुए है।







## जनमन योजना का दीवार लेखन के माध्यम से किया जा रहा प्रचार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टरर सुभाष कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार एवं मुख्यं कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री जनमन योजना के विस्तृजत प्रचार-प्रसार हेतु म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा नवांकुर संस्था ओं के माध्यम से ग्रामों में दीवार लेखन का कार्य किया जा रहा है। म.प्र. जनजाति आदिवासी न्यांय महाअभियान के अंतर्गत सबको पक्कार घर, हर घर नल से जल, गांव गांव तक सडक, हर घर बिजली, शिक्षा के लिये हॉस्टल, कौशल विकास, दूरदराज गांव तक मोबाइल मेडीकल यूनिट, सबको पोषण, उन्नत आजीविका एवं दूरदराज गांव तक मोबाइल नेटवर्क आदि सुविधाएं प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। नवांकुर संस्थान जयश्री प्रेमसागर विद्या मंदिर द्वारा ग्राम आंवरी एवं टकनेरी तथा अक्षरपीठ शिक्षा समिति द्वारा चिन्हित ग्रामों में दीवार लेखन कर प्रधानमंत्री जनमन योजना एवं योजना का लाभ दिलाने के लिये ग्राम में आयोजित होने वाले शिविरों की जानकारी प्रदान की जा रही है।

## निशुल्क चिकित्सा शिविर का किया आयोजन




**अशोकनगर।** दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजजनांतर्गत शहरी बेघरों के लिए अध्यक्ष नीरज मनोरिया एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान के निर्देशन में 27 दिसंबर को निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन 12 से 02 बजे तक न्यू बस स्टैंड आश्रय स्थल अशोकनगर में किया गया। डॉक्टर सौरभ शर्मा द्वारा शहरी बेघरों का निशुल्क बीपी एवं शुगर जांच कर दवाइयों का वितरण किया गया।

## खबर संक्षेप

### जिला पर्यटन संवर्धन परिषद की बैठक आज

**अशोकनगर।** कलेक्टरर सुभाष कुमार द्विवेदी की अध्य क्षता में जिला पर्यटन एवं संवर्धन परिषद की बैठक 29 दिसम्बदर 2023 को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है।

### चैतन्य इंडिया फिन कंपनी ने थाना परिसर में लगाया वाटर कूलर

**नई सराय।** थाना परिसर में चैतन्य इंडिया क्रेडिट प्रा.लि. की और से ठंडा पेय जल हेतु बाटर कूलर लगाया गया। इसका शुभारंभ गुरुवार को नईसराय थाना प्रभारी आशुतोष गुप्ता द्वारा फीता काटकर किया गया अब गर्मी के अलावा कभी भी थाने के स्टाफ के अलावा थाने में आने जाने वाले लोगों को भी शुद्ध एवं गर्मियों में ठंडा जल उपलब्ध हो सकेगा। जिस चैतन्य इंडिया फिन क्रेडिट वाटर कूलर देकर एक सराहनीय काम किया है वाटर कूलर मे 40 से 60 लीटर पानी उपलब्ध हो सकेगा स्थानीय शाखा के रीजनल मैनेजर शिवराज वागमेर , यूनिट मैनेजर वीरेंद्र ठाकुर, सौरव मांझी, गुलशन रघुवंशी, हरिओम वर्मा, मोनू रघुवंशी ने कहा कि थाने में पुलिस स्टाफ व आने जाने वालों की आवश्यकता देखते हुए हमारी कंपनी की ओर से जहां भी आवश्यकता के हिसाब से शाखा द्वारा बाटर कूलर लगवाए जा रहे हैं। थाना प्रभारी ने कंपनी के मैनेजर व कर्मचारियों को धन्यवाद दिया और आपकी तरफ से किया गया कार्य बहुत ही सराहनीय है।

### प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में शिल्पियों के पंजीयन

**अशोकनगर।** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत पारम्परिक शिल्पकारों और कारीगरो को सहायता का प्रावधान किया गया है। इसके तहत माटी शिल्पियों (कुम्हार) सहित अन्य 18 पारम्परिक व्यवसायो में हाथ और औजार से काम करने वाले कारीगर एवं शिल्पकार अपना पंजीयन करा सकते है। पंजीयन नगरपालिका क्षेत्र में नगरपालिका तथा ग्रामीण क्षेत्र में पंचायतो के माध्यम से कराया जा सकता है। इस हेतु शिल्पकार कॉमन सर्विस सेन्टर पर सीधे ही आधारकार्ड एवं मोबाईल नम्बर सहित सम्पर्क कर पंजीयन करा सकते है।

## प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत आदिवासी समुदाय के साथ बैठक

### मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना योजना का उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी ने गुरुवार को जिले के आदिवासी समुदाय के लोगों के साथ पीएम जनमन योजना के संबंध में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ.नेहा जैन,नोडल अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी सहित आदिवासी समुदाय के लोग उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टथर ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री जनमन योजना संचालित की गई है। इस योजना का उद्देश्ये आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना है। साथ ही समाज को मुख्यु धारा से जोडना है। उन्होंओने आदिवासी समुदाय के लोगों से आव्होन किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में प्रधानमंत्री जन मन योजना अंतर्गत केम्पों का आयोजन किया जायेगा। इन केम्पों में आदिवासी परिवार उपस्थित होकर आधार कार्ड,आयुष्मानन कार्ड,प्रधानमंत्री आवास, मातृ वंदना योजना,हर घर नल से जल जैसी समस्याुओं से अवगत करायें। जिससे उनकी समस्यायओं का हर संभव निराकरण कराया जा सके। उन्होंने बताया कि पीएम जनमन योजना के दौरान चिन्हित सभी सहरिया बाहुल्य ग्रामों में सर्वे का कार्य किया जा रहा है। प्राथमिक सर्वे में गांव में उपलब्ध संसाधनों एवं बुनियादी सुविधाओ की जानकारी संकलित की जा रही है।

बैठक में बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत ग्रामीणों को विभिन्न बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी तथा पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, केसीसी, पीएम जनधन योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पेंशन योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, पीएम मातृ वंदन योजना सहित अन्य योजनाओं से वंचित लोगों का सर्वे कर लाभ दिलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि योजना के तहत स्वास्थ्य केन्द्र, आंगनबाडी केन्द्र, शिक्षा, महिला बाल विकास, स्वास्थ्य, पीएचई, विधुत, ग्रामीण विकास विभाग आदि से बुनियादी सुविधाओं को विकसित करने के प्रस्ताव लिये जा रहे है।

## छात्र संगठन डीएसओ ने मनाया अपना 70वां स्थापना दिवस

**अशोकनगर।** गुरुवार को जुझारू छात्र संगठन डीएसओ के 70 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में संगठन के संस्थापक कॉमरेड शिवदास घोष के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए फ्लैग होस्टिंग की गई। इस मौके पर संगठन के जिलाध्यक्ष देवेंद्र बिजौरे ने बताया कि हम जानते हैं कि सन 1954 में तात्कालिक शिक्षा समस्याओं को लेकर संगठन का निर्माण किया गया था और तभी से हमारा संगठन लगातार शिक्षा आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभा रहा है कई सारे आंदोलनों में जीत भी हासिल हुई है। आज देश की परिस्थिति को देखते हुए हमें विभिन्न शिक्षा समस्याओं को लेकर जुझारू छात्र आंदोलन संगठित करने की आवश्यकता है। नई शिक्षा नीति के माध्यम से सरकार के द्वारा शिक्षा को बाजार के हवाले करने का काम किया जा रहा है, शिक्षा को लगातार महंगा बनाया जा रहा है। किसके कारण बड़ी संख्या में आम छात्र शिक्षा से दूर होते जा रहे हैं वहीं दूसरी ओर समाज में लगातार सांस्कृतिक स्तर का ह्रास हो रहा है सोशल मीडिया पर अश्लीलता व्याप्त है जिसके चलते सामाजिक माहौल निरंतर बिगड़ता हुआ नजर आ रहा है और देश के छात्र नौजवान गलत रास्ते पर जा रहे हैं। महिलाओं बच्चियों के साथ अपराधिक घटनाएं लगातार बढ़ रहीं हैं, बेरोजगारी के कारण नौजवान आत्महत्याएं करने को मजबूर हैं, शिक्षा स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं से आम जनता महरूम है। ऐसे में एक बेहतर शैक्षणिक सांस्कृतिक माहौल छात्रों के बीच निर्मित करने व तमाम शिक्षा समस्याओं के खिलाफ आंदोलन गठित करने की आवश्यकता है। क्रांतिकारी मपुरूषों के विचारों पर चलते हुए हमें इन विभिन्न शैक्षणिक समस्याओं के खिलाफ संघर्ष को तेज करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में संगठन कार्यकर्ताओं सहित स्कूल कॉलेज के छात्र भी शामिल हुए व इस दिवस के उपलक्ष में दोपहर 3 बजे से अंबेडकर पार्क पर बुक स्टॉल व सदस्यता अभियान भी चलाया गया।

## ग्रापं महाना में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायत महाना में गुरूवार को चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी के मुख्या आतिथ्यव में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं के स्टॉ ल लगाकर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में ग्राम पंचायत महाना में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्राम पंचायत के समस्त घरों को शत प्रतिशत नल से जल प्रदान करने एवं स्वच्छ पंचायत घोषित होने पर विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी द्वारा ग्राम पंचायत सरपंच को अभिनंदन पत्र प्रदान किया गया। साथ ही पानों का टेस्ट करने के लिए सभी ग्राम पंचायत में फील्ड टेस्ट किट वितरित की जा रही है। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सरपंच, सचिव को फील्ड टेस्ट टिकट वितरित की गई। जिसका प्रशिक्षण पूर्व में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया गया है। जिसके माध्यम से ग्राम के समस्त पेयजल स्रोतों का जल परीक्षण ग्राम में ही किया जा सकता है। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि अनिल रघुवंशी, मंडल अध्यक्ष भानकुमार यादव, लखन रघुवंशी, अमित रघुवंशी कुढ़ई, ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि रवि रघुवंशी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से राहुल रघुवंशी सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं बडी संख्याथ में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### मारपीट मामले के दो आरोपियों को छह माह की जेल

**श्योपुर।** विजयपुर के प्रथम श्रेणी न्यायाधीश राहुल सिंह यादव की अदालत ने मारपीट के पांच साल पुराने मामले में फैसला सुनाते हुए दो आरोपियों को छह-छह माह के सश्रम कारावास की सजा सुना दी। दोनों आरोपियों पर न्यायालय के द्वारा एक-एक हजार का जुर्माना भी लगाया गया है। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी एडीपीओ पूजा गुप्ता ने की। बताया गया है कि विजयपुर थाने के गांव धामिनी में पांच साल पहले हुए विवाद में आरोपी प्रकाश और घमंडी ने एक राय होकर गांव के ही बाइसराम की लाठियों से मारपीट कर दी। जिससे वह जख्मी हो गया। इस मामले में पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर चालान विजयपुर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था।

## जिला बाल श्रम टास्क फोर्स की टीम ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला बाल श्रम टास्कस फोर्स की टीम द्वारा गुरूवार को न्यू बस स्टेरण्डस स्थित शिवहरे होटल एवं राज होटल पर निरीक्षण कर कार्यवाही की गई। इस दौरान 2 बाल श्रमिक कार्यरत पाये गये। टीम ने नियोजक के विरूद्ध बाल एवं कुमार श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया एवं बच्चो को बालश्रम से विमुक्तय कर बाल कल्यामण समिति के समक्ष प्रस्तुकत किया। विमुक्त कराये गये बालको से रेस्टोयरेन्ट में सर्विस करने, प्लेकट साफ करने एवं साफ-सफाई का कार्य कराया जा रहा था। जिला बालश्रम टास्क फोर्स की टीम में श्रम विभाग से बालश्रम नोडल अधिकारी प्रवेश गुप्तो, महिला एवं बाल विकास से संरक्षण अधिकारी आशीष शर्मा, विशेष किशोर पुलिस ईकाई से ए.एस.आई राजकुमार रघुवंशी, ए.एस.आई कमलसिंह पटेलिया, वेद विकास तिवारी एवं कैलाश सत्याशर्थी फाउंडडेशन से श्री विपिन रघुवंशी, ड्रिस्ट्रि क कॉडिनेटर, मनीष रघुवंशी, कु. शिवानी रघुवंशी एवं कु. चंचल चैधरी काउंसलर के रूप में कार्यवाही के दौरान मौजूद रहे।

उल्ले खनीय है कि बाल एवं कुमार श्रम अधिनियम 1986 की धारा 3 एवं धारा 3 (ए) के उल्लंरघन की स्थिति में यदि बाल या किशोर नियोजन पाया जाता है तो संबंधित नियोजक के विरूद्ध 50,000 रू तक का जुर्माना एवं 2 वर्ष तक कारावास या दोनो से दंडित किया जाने का प्रावधान है।

### पूर्व मुख्यमंत्री के आदेश की पालना को तरसे एक सैकड़ा से अधिक शिक्षक

**श्योपुर।** जिले में सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले एक सैकड़ा से अधिक शिक्षक पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान की सरकार द्वारा दिए गए उस आदेश के अमल को तरस गए हैं जिसमें उन्हें 35 साल सेवा पूरी करने पर चतुर्थ समय मान वेतन मान का लाभ देने के निर्देश हैं। इस संबंध में राज्य सरकार और शिक्षा विभाग द्वारा आदेश जारी किया जा चुका है जिसके तहत प्रदेश के अन्य जिलों में शिक्षकों को यह लाभ मिल भी गया है। लेकिन श्योपुर जिले के शिक्षक इस अभी तक इस लाभ से वंचित बने हुए हैं।

## हर स्कूल अपने स्तर पर दो-दो सेट में तैयार करवाएगा प्रश्नपत्र

# नहीं होगी प्री बोर्ड परीक्षा, मुख्य परीक्षा से पहले स्कूलों में आयोजित होगी अंतिम रिहर्सल परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कक्षा 10वीं व 12वीं की मुख्य परीक्षा के पहले बच्चों की प्री बोर्ड परीक्षा होना थी। लेकिन चुनावी कार्य में व्यस्तता के चलते प्री बोर्ड परीक्षा नहीं होगी। इसलिए अब शिक्षा विभाग ने निर्णय लिया है कि जिले में जनवरी माह में बच्चों को प्रश्न पत्र के 2 - 2 सेट दिए जाए व उनको हल करने के लिए घर लेकर जाने दिया जाए। इसको शिक्षा विभाग मुख्य परीक्षा के पूर्व का अंतिम रिहर्सल कह रहा है। यह परीक्षा जनवरी के दूसरे सप्ताह में ली जाएगी।

दरअसल इस बार माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा मार्च माह की जगह फरवरी माह से आयोजित होगी। इसके लिए पूरा कार्यक्रम बनाकर जिला शिक्षा विभाग को शासन ने भेजा है। शासन के द्वारा दिए गए निर्देशों में कहा गया है कि प्रत्येक स्कूल प्राचार्य कक्षा 10 वीं और 12 वीं की प्री बोर्ड परीक्षा के अभाव में अंतिम रूप से तैयारी जनवरी माह में की जाए। इसके लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल की जारी अंक योजना के आधार पर स्कूल स्तर पर भी हर विषयों के सेट तैयार करवाए जाए। जिन विषयों के पेपर लोक शिक्षण संचालनालय स्तर से उपलब्ध नहीं करवाए जाएंगे उनके दो-दो सेट स्कूल प्राचार्य अपने स्तर पर तैयार करवाएंगे।

शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार आगामी 8 से 13 जनवरी तक विद्यालयों में प्रतिदिन विषय शिक्षक कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को प्रश्न पत्र देंगे। इसके लिए विद्यार्थियों को तरीका बताया जाएगा बोर्ड परीक्षा में उत्तर किस तरह लिखे जाते है। पेपर हल करने के बाद कक्षा में इसको जमा करेंगे व उसी दिन शिक्षक उनको देखकर बताएंगे कि कहां गलती की है। परीक्षा की तैयारी को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी के लिए टारगेट तय किए है। वार्षिक परीक्षा के पहले कराए अभ्यास को और बेहतर करने स्कूल में कक्षावार, विषयवार व छात्रवार नंबरों का रिकॉर्ड रखा जाएगा। हर स्कूल के प्राचार्यों कक्षा 9वीं से 12वीं तक के सी, डी और ई ग्रेड के विद्यार्थियों का रिकॉर्ड स्वयं की डेस्क पर रखेंगे और लगातार मॉनिटरिंग करेंगे।




### छात्र घर ले जा सकेंगे प्रश्नपत्र

इस योजना के अनुसार विद्यार्थी प्रश्नपत्र अपने घर ले जा कर हल करेंगे और अगले दिन स्कूल में जमा करवाएंगे। इन्हें हल करने के लिए स्कूल का विषय शिक्षक बच्चों को गाइड भी करेगा। विभाग ने 8 से 13 जनवरी तक यह योजना हर जिले में लागू करने के निर्देश दिए हैं। प्रश्नपत्र की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन अगले कार्य दिवस में संबंधित विषय का शिक्षक करेंगे। इसी दिन विद्यार्थियों की शंकाओं का समाधान भी किया जाएगा।

### इन पर रहेगा फोकस

- -8 जनवरी से प्रत्येक विषय के लिए दो पीरियड को एक किया जाएगा।
- -अभ्यास की यह प्रक्रिया स्कूलों में 13 जनवरी तक जारी रहेगी।
- -15 से वार्षिक परीक्षा शुरू होने तक उत्तर पुस्तिकाओं के परीक्षण से कमजोर बिंदुओं पर अधिक फोकस कर अभ्यास करवाएंगे।
- -सभी कक्षाएं पहले जैसे टाइम टेबल के अनुसार संचालित होंगी।
- -विद्यार्थी जिन विषय में कमजोर हैं उन्हें उसकी तैयारी अच्छे से करवाई जाएगी।

### ये कराए जाएंगे पेपर

नौवीं और 10वीं कक्षा में हिंदी, इंग्लिश, संस्कृत गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान। इस तरह से छह विषयों के पेपर तैयार कर भेजे जाएंगे। वहीं 11वीं-12वीं के लिए हिंदी, इंग्लिश, संस्कृत, फिजिक्स, केमिस्ट्री, गणित, जीव विज्ञान, पॉलिटिकल साइंस, इतिहास, अर्थशास्त्र, भूगोल, अकाउंट्स, बिजनेस स्टडीज।

### निर्देश दे दिए

प्राचार्यों को निर्देश दिए हैं कि वे स्कूल में पेपर के दो सेट तैयार कर विद्यार्थी को हल कराएं। यह एक तरह से फाइनल तैयारी है जो 8 से 13 तक परीक्षा के अभ्यास के रूप में कराई जाएगी।

**रविन्द्र सिंह तोमर**
**डीईओ, श्योपुर**

### पोर्टल पर शो होने की बजह से जिले को नहीं मिल पा रहे नए डॉक्टर

# जिले के 8 डॉक्टर्स लापता ! डीएचएस व एनएचएम के पोर्टल पर दिखने वाले डॉक्टर महीनों से अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़

जिला अस्पताल में पहले ही डॉक्टर्स के मनमर्जी वाले अटैचमेंट होने के कारण ग्रामीण एवं दूर दराज में स्वास्थ्य सेवाएं निचले स्तर पर हैं। गांव के मरीजों को इलाज के लिए जिला मुख्यालय का रूख करना पड़ता है, रही सही कसर ऐसे डॉक्टर्स ने पूरी कर दी जिन्होंने जिले में ज्वाइन तो किया परंतु कभी ओपीडी में नहीं पहुंचे न ही मरीजों का इलाज ही किया।

सिविल सर्जन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार इन डॉक्टर्स ने गिनती की कुछ एक ड्यूटी कर बिना किसी सूचना के महीनों से लापता हो गए। परंतु यही डॉक्टर्स स्वास्थ्य विभाग के ऑफिशियल पोर्टल डीएचएस एवं एनएचएम पर आज भी राजगढ़ में पदस्थ नजर आते हैं जिसके कारण जिले में नए डॉक्टर्स नहीं आ पा रहे और मरीजों को इलाज के लिए निजी अस्पतालों का मुंह ताकना पड़ रहा है और अपनी मेहनत की कमाई को निजी हॉस्पिटल के हवाले करना पड़ रहा है।

#### अटैचमेंट को लेकर सीएमएचओ बोलीं

जिले और जिले से बाहर हुए अटैचमेंट पर सीएमएचओ डॉ किरण वाडीवा बोलीं कि इनके बारे में उच्च अधिकारियों को पत्र भेज दिया गया है। उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार आगामी कार्रवाई की जाएगी। जिससे जल्दी ही अटैचमेंट खत्म कर मूलपदस्थापना पर पहुंचाया जाएगा।

#### इनका कहना है

जो डॉक्टर्स पोर्टल पर शो हो रहे हैं उन्हें हटाने के लिए आगामी कार्रवाई जल्दी की जाएगी, जिससे जिले को नए डॉक्टर्स मिल सकें।

**डॉ किरण वाडीवा,** मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी राजगढ़

#### डॉक्टर्स अटैचमेंट मामले में सीएमएचओ ने मूलपदस्थापना पर पहुंचाने वरिष्ठ अधिकारियों को लिखा पत्र, विधायक बोले ग्रामीण स्तर पर पहुंचे अटैचमेंट खत्म कर डॉक्टर


एक दो साल नहीं 16 साल तक अटैचमेंट का एक मात्र उदाहरण है राजगढ़

जिले से बाहर भोपाल तक हो गया अटैचमेंट, चरमराई जिले की स्वास्थ्य सेवाएं

मिशन संचालक कई बार लगा चुके हैं सीएमएचओ को फटकार

समझिए डॉक्टर्स की पदस्थापना और वर्तमान कार्यस्थल

प्रदेश का एक मात्र जिला होना जहां पर 15 साल से ज्यादा समय तक अटैचमेंट

सीएम ड्यूटी और एमरजेंसी ड्यूटी पर न रहने पर मिल चुके है कई बार नोटिस

आखिरकार मूल तैनाती पर कब लौटेंगे डॉ कटारिया, अटैचमेंट में निकाले 15 साल!

प्रयास करुंगी...

कार्रवाई की जाएगी

#### डॉक्टर्स जो महीनों से हैं अनुपस्थित

| क्र. | डॉक्टर का नाम | विशेषता | कितने महीनों से हैं अनुपस्थित |
|---|---|---|---|
| 1 | डॉ गिरराज चकोटिया | रेडियोलॉजिस्ट | 4 माह |
| 2 | डॉ अंकुर देशवाली | सर्जन | 3 माह |
| 3 | डॉ सुनील तिवारी | एमबीबीएस | 4 माह |
| 4 | डॉ विकास सिंह | एमबीबीएस | 5 माह |
| 5 | डॉ निकिता सिंह | गायनिक | 11 माह |
| 6 | डॉ दिव्या गौतम | डेंटल | 7 माह |
| 7 | डॉ अभिषेक तिव्वल | एनेस्थेटिक | 7 माह |
| 8 | डॉ शकील | एमबीबीएस | निलंबित |

#### विधायक बोले जल्द मूलपदस्थापना पर लौटें डॉक्टर, दें ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ

जिले में अधिकारियों की सेटिंग एवं मनमाने अटैचमेंट करवाने वाले डॉक्टर को लेकर राजगढ़ के विधायक अमरसिंह यादव भी संवेदनशील नजर आए। उन्होनें शहरों में अटैचमेंट करवाकर बैठे डॉक्टरों से अपनी मूलपदस्थापना पर जाकर ग्ारमीण स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं देने की राय दी है। जिससे मोदी व मोहन सरकार के सपनों को साकार किया जा सके और स्वच्छ एवं स्वस्थ भारत का निर्माण हो।

### कोटरी कला व ब्रहमपिपलिया पहुंची यात्रा

## केंद्र सरकार ने महिलाओं के आंसू पोछने का काम किया है : विधायक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

सरकार द्वारा चलाए गए विकसित भारत संकल्प यात्रा गुरुवार को समीपस्थ ग्राम कोटरी कला एवं ब्रहमपिपलिया पहुंची। जहां क्षेत्र विधायक मोहन शर्मा ने उज्जवला गैस योजना के अंतर्गत निशुल्क 55 गैस कनेक्शन वितरण किए गए।

इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में जब चूल्हे जला करते थे उनके दोहे से बहनों की आंखों में आंसू आ जाते थे। उज्जवला गैस योजना चला कर केंद्र सरकार ने बहनों के आंसू पहुंचने का काम किया है। वहीं प्रदेश सरकार ने लाडली बहन योजना चला कर महिलाओं की घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करने का काम किया है उन्होंने ग्रामीणों की समस्या को स्वास्थ्य राजस्व ग्राम पंचायत जनपद पंचायत जल यांत्रिकी विभाग स्वास्थ्य विभाग के उपस्थित अधिकारी व कर्मचारीयो की उपस्थिति में ग्रामीणों की जन समस्या सुनकर तुरंत वहीं पर उन्हें हल किया।

साथी क्षेत्रीय विधायक जल यांत्रिक विभाग की कार्य क्षमता से नाराज दिखाई दिए ।उन्होंने सब निर्देश दिए कि वह अपना काम समय से ठीक करें उक्त मौके पर यात्रा के प्रभारी दिनेश दांगी, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष राधेश्याम पचवारिया, कैलाश राज मंडल अध्यक्ष राधेश्याम राजपूत ,सत्येंद्र सिंह राठौड़, ब्रजकिशोर मीणा लखन भंडारी आदि उपस्थित थे।

### कांग्रेस प्रत्याशी ने वापस लिया फॉर्म

## वार्ड 3 के उपचुनाव में निर्मल जाटव निर्विरोध निर्वाचित



**खुजनेर।** नगर परिषद खुजनेर के वार्ड 3 में हुए उपचुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी द्वारा अपना फॉर्म वापस लेने के बाद भाजपा के निर्मल जाटव निर्विरोध निर्वाचित हुए। उनकी इस जीत पर विधायक अमरसिंह यादव, नगर परिषद अध्यक्ष कैलाशी यादव सहित कई भाजपा पदाधिकारियों एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी उमेश शर्मा सहित कर्मचारियों ने भी बधाई देते हुए जनहित में कार्य करते रहने की कामना की है। वहीं नवनिर्वाचित पार्षद ने भी सभी को जनता के हित मे कार्य करने का भरोसा दिलाया है।

## खुजनेर खंड का तीन दिवसीय शीत शिविर संपन्न

#### 15 मंडलों के 31 स्थानों से आए 134 स्वयंसेवक हुए शामिल

**खुजनेर।** नगर में खुजनेर खंड का तीन दिवसीय शीत शिविर सम्पन्न हुआ जिसमें 15 मंडलों के 31 स्थानों से आये हुए 134 स्वयंसेवकों ने प्रातः 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक उपस्थित विभिन्न सत्रों में सम्मलित हुए । प्रकट कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राजगढ़ विभाग के विभाग संघचालक श्री लक्ष्मीनारायण चैहान उपस्थित रहै । उनके उदबोधन में उन्होने बताया कि किसी भी राष्ट्र का विकास तब होता है जब कि वहां के नागरिकों का विकास हों । हमें राष्ट्र के प्रति राष्ट्र प्रथम का भाव रखकर कार्य करना होगा । उन्होने कहा कि यह पांच बातें हमें अपने जीवन में लानी है 1. कुटुम्ब प्रबोधन , वर्तमान में छोटे छोटे परिवार हो गये है और उनमें भी आपसी मेलजोल कम हो गया है पूरे कुटुम्ब को कम से कम एक माह में एक बार साथ बैठकर भोजन अवश्य करना चाहियें । दूसरा



सामाजिक समरसता, हमारे देश में जन्म से जातिगत व्यवस्था नही थी छूआछूत भी नही था। भगवान श्री राम नें माता शबरी के झूठे बेर खायें तथा निषाद राज को अपना मित्र बनाया। तीसरी बात उन्होने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, यह प्रकृति है तो हम है प्रकृति नही बची तो हमारा भी अस्तित्व समाप्त हो जायेगा। हमें पर्यावरण की रक्षा करनी होगी। वृक्ष लगायें, पॉलीथीन का उपयोग न करें। जल बचायें। चैथी बात प्रत्येक नागरिक के मन में स्व का भाव जाग्रत हों हमें अपनी भाषा , भूषा, भोजन, संस्कृति आदि पर गर्व होना चाहियें। पांचवी बात नागरिक शिष्टाचार बताई जिसमें प्रत्येक नागरिक को नागरिक शिष्टाचार का पालन करना चाहियें। सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता रखें, यातायात के नियमों का पालन करें। और शासन की समस्त नियमों का पालन करते हुए शिष्टाचार युक्त जीवन जियें। पहले हमारे देश को दीन हीन दृष्टि से देखा जाता है किन्तु आज सारा विश्व हमारी ओर आशान्वित दृष्टि से देख रहा है कोरोना के काल में हमारे देश में फ्री वैक्सीन लगाई गई साथ ही अन्य देशों में भी भेजी गई। हम सौभाग्यशाली है कि 500 वर्षो के अथक परिश्रम से भव्य श्री राम मंदिर निर्माण हमें देखने को मिलेगा। धारा 370 का हटना भी शायद ही कभी हमने सोचा होगा।

## आज जिले के दौरे पर रहेंगे राज्यमंत्री गौतम टेटवाल



**सारंगपुर।** मध्यप्रदेश शासन के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गौतम टेटवाल मंत्री बनने के बाद पहली बार शुक्रवार को जिले के दौरे पर रहेंगे। सुबह 8 बजे वाहन क्रमांक एमपी02-एव्ही 7491से भोपाल से सारंगपुर के लिए प्रस्थान (व्हाया श्यामपुर-ब्यावरा-पचोर) प्रातः 10 बजकर 30 बजे सारंगपुर आगमन पर नगर मे जन आशीर्वाद रैली के बाद बसस्टेण्ड पर सभा का आयोजन होगा तथा स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होने के बाद दोपहर 2 बजकर 30 बजे सारंगपुर से नलखेड़ा के लिए प्रस्थान। (व्हाया-गोदरमऊ-बड़ागाँव) दोपहर 3 बजकर 30 बजे नलखेड़ा आगमन एवं माँ बगलामुखी दर्शन एवं पूजन शाम 5 बजकर 30 बजे नलखेड़ा से मैसवा माता जी के लिए प्रस्थान शाम 6 बजकर 30 बजे मैसवा माताजी आगमन एवं आरती में सम्मिलित रात्रि 8बजे भैसवा माताजी से सारंगपुर के लिए प्रस्थान एवं रात्रि विश्राम सारंगपुर रहेगा।

